# सांसद जिंदल के ध्वज जागरूकता अभियान को लाडवा में मिला समर्थन

भास्कर न्यूज़ | लाडवा



लाडवा में राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान-को समर्थन करते आमजन।

सांसद नवीन जिंदल की पहल पर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान-2026 को लाडवा क्षेत्र में समर्थन मिलना शुरू हो गया है।

इसी कड़ी में लाडवा स्थित सीए अश्विनी जैन के प्रतिष्ठान रजनी एग्रो पर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सांसद नवीन जिंदल की इस मुहिम की सराहना करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों से पुराने, खंडित एवं अनुपयोगी राष्ट्रीय ध्वज एकत्रित कर उन्हें सम्मानपूर्वक नवीनीकरण हेतु भेजने का संकल्प लिया। बैठक में सीए अश्विनी जैन ने अपने सहयोगियों रोहित सिंगला और विजय जैन के साथ मिलकर निर्णय लिया कि लाडवा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा और आम नागरिकों को तिरंगे के सम्मान प्रति जागरूक किया जाएगा। रोहित गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक जन-आंदोलन है, जो नागरिकों को उनके कर्तव्यों की याद दिलाता है। क्षेत्रों में पुराने राष्ट्रीय ध्वजों को एकत्रित कर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के माध्यम से उनके सम्मानजनक नवीनीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

# रादौर में राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान के तहत तिरंगा संगोष्ठी आयोजित



संगोष्ठि में उपस्थित अतिथि स्टाफ व विद्यार्थी। (मलिक)

रादौर, 16 जनवरी (मलिक): फ्लैग फाऊंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान-2026 के अंतर्गत जय प्रकाश मुकंद लाल इनोवेटिव इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी इंस्टीच्यूट (जे.एम.आई.ई.टी.आई.), रादौर के सेमिनार हॉल में एक भव्य तिरंगा जागरूकता संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में फ्लैग फाऊंडेशन ऑफ इंडिया के प्रवक्ता डॉ. राज कुमार ने बतौर मुख्य वक्ता युवाओं से संवाद करते हुए राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, उसके सही उपयोग, नागरिक कर्तव्यों और तिरंगे से जुड़े नैतिक दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान-2026 के अंतर्गत पुराने, क्षतिग्रस्त एवं खंडित राष्ट्रीय ध्वजों को एकत्रित कर उन्हें विधिसम्मत, सम्मानजनक एवं पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रिया के माध्यम से नए स्वरूप में बदला जाएगा, ताकि तिरंगे की गरिमा हर स्तर पर बनी रहे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को फ्लैग फाऊंडेशन ऑफ इंडिया की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जे.एम.आई.ई.टी.आई. संस्थान द्वारा परिसर में एकत्रित पुराने एवं अनुपयोगी राष्ट्रीय ध्वज फ्लैग फाऊंडेशन ऑफ इंडिया की टीम को पुनर्नवीनीकरण हेतु विधिवत रूप से सौंपे गए। संगोष्ठी में सांसद कार्यालय की ओर से भूषण मंगला भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि जे.एम.आई.ई.टी.आई. को इस राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा बनने पर गर्व है। उन्होंने फ्लैग फाऊंडेशन ऑफ इंडिया, वक्ताओं, आयोजक टीम, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्रप्रेम, नागरिक कर्तव्यों और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं संरक्षण हेतु सदैव जागरूक रहने का संकल्प लिया।

# सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरकेएसडी कॉलेज में आज होगी संगोष्ठी आयोजित

**संजय शर्मा**

**कैथल (जगमार्ग न्यूज)।** सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान-2026 के अंतर्गत कैथल के आरकेएसडी कॉलेज के कैंपस में आज एक विशेष तिरंगा जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को देश के राष्ट्रीय ध्वज से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों, राष्ट्रीय ध्वज संहिता के नियमों, ध्वज उपयोग से संबंधित अधिकारों तथा आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने का संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए सांसद नवीन जिन्दल द्वारा किए गए दीर्घ और ऐतिहासिक संघर्ष से अवगत कराना है। संगोष्ठी के दौरान विद्यार्थियों को फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा किए जा रहे कार्यों और अभियानों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही युवाओं में राष्ट्रप्रेम और नागरिक जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लेपल फ्लैग एवं रिस्ट बैंड भी वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में सांसद कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान और फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रवक्ता डॉ. राज कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।



दोनों वक्ता राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, उसके मर्यादित उपयोग और नागरिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर युवाओं से संवाद करेंगे तथा उन्हें इस राष्ट्रव्यापी अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान-2026 की शुरुआत सांसद एवं फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र और कैथल से की थी। इसी अभियान के तहत पहला संगठित कार्यक्रम रादौर में आयोजित किया जा चुका है, जिसके बाद यह पहल अब कैथल में आगे बढ़ाई जा रही है।

# सांसद नवीन जिन्दल की पहल, राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान को मिला लाडवा में समर्थन

लाडवा, 16 जनवरी (चट्ठा): सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान-2026 को लाडवा क्षेत्र में समर्थन मिलना शुरू हो गया है। इसी कड़ी में लाडवा स्थित सीए अश्विनी जैन के प्रतिष्ठान रजनी एग्रो पर एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित जनों ने सांसद नवीन जिन्दल की इस मुहिम की सराहना करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों से पुराने, खंडित एवं अनुपयोगी राष्ट्रीय ध्वज एकत्रित कर उन्हें सम्मानपूर्वक पुर्ननवीनीकरण हेतु भेजने का संकल्प लिया। इस बैठक में सीए अश्विनी जैन ने अपने सहयोगियों रोहित सिंगला और विजय जैन के साथ मिलकर निर्णय लिया कि लाडवा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा और आम नागरिकों को तिरंगे के सम्मान, उसके सही उपयोग तथा पुराने ध्वजों को



लाडवा में राष्ट्रीय ध्वज अभियान का शुभारंभ करते प्रतिष्ठित व्यापारी। (छाया : चट्ठा)

गरिमापूर्ण पुर्ननवीनीकरण करवाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर सीए अश्विनी जैन ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई यह पहल अत्यंत सराहनीय और समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है और इसका सम्मान प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। पुराने एवं खंडित हो चुके ध्वजों को विधिसम्मत और सम्मानजनक तरीके से पुनर्नवीनीकरण करना राष्ट्रप्रेम की सच्ची अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि वे लाडवा और आसपास के क्षेत्र में इस मुहिम को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाएंगे और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का प्रयास करेंगे। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे अपने क्षेत्रों में पुराने राष्ट्रीय ध्वजों को एकत्रित कर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के माध्यम से उनके सम्मानजनक पुर्ननवीनीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, ताकि तिरंगे की गरिमा सदैव बनी रहे।